## खबर संक्षेप

### बाइक व कार के बीच हुई टक्कर, युवक घायल

**कटनी।** रंगनाथनगर थाना अंतर्गत बरगवां में शुक्रवार सायं कार और बाईक के बीच हुई भिडंत में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया हैं जहां उसका उपचार जारी हैं। जानकारी के अनुसार कचहरी चौक क्षेत्र में चाय नाश्ते की दुकान चलाने वाला युवक अमित त्रिपाठी सायं किसी कार्यवश बरगवां क्षेत्र गया था, इसी दौरान उसकी मोटरसाईकिल की भिड़ंत विपरीत दिशा से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीई 7320 से हो गयी जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका उपचार निजी अस्पताल में जारी है।

### समस्त विद्यालयों में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा उत्सव

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव 20 जुलाई एवं 21 जुलाई को मनाया जाएगा। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा उत्सव के दो दिवसीय उत्सव के तहत 20 जुलाई को प्रार्थना सभा के पश्चात प्रार्थना स्थल पर शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरु-शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डालनें तथा प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव के संबंध में निबंध लेखन आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। जबकि 21 जुलाई को विद्यालयों में वीणा वादिनी मॉ सरस्वती वंदना, गुरु वंदना एवं दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण , गुरुजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरु संस्मरण पर संभाषण का आयोजन किया जायेगा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालयों में 21 जुलाई को आयोजित होने वाले गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम के दौरान यथा संभव साधु संतों, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों सहित आमजनों को आमंत्रित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### जिले में अब तक 200.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 19 जुलाई 2024 प्रातः तक कुल 200.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 372.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 171.3 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 19 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 252.2 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 235.1 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 105.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 129.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 117.5 मिमी, बहोरीबंद मे 210.2 मिमी, स्लीमनाबाद में 247.7 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 307.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### मोबाइल से बात नहीं करने से मना करना बच्चों को गुजरा नागवार

# मोबाइल की लत बन रही जानलेवा दो नाबालिग बच्चों ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज के समय में शायद ही कोई ऐसा होगा जिसके पास मोबाइल न हो। मोबाइल से जहां कई तरह की सहूलियतें मिलती है वहीं दूसरी ओर इसके दुष्परिणाम भी भुगतने पड़ रहे हैं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों और बच्चों में मोबाइल के प्रति दीवानगी तो सनक में बदल रही है। किसी से थोड़ी देर के लिए भी यदि मोबाइल छीन लिया जाये तो वह आक्रमक रूख अख्तियार कर लेता है। बच्चों में मोबाइल की लत के घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मोबाइल का बढ़ता क्रेज अब तो बच्चों में जानलेवा साबित होने लगा है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में कैलवारा फाटक एवं खिरहनी चौकी अंतर्गत बसंत बिहार क्षेत्र में रहने वाले एक किशोर व किशोरी को मोबाइल चलाने से अभिभावकों द्वारा मना करना इतना नागंवार गुजार कि दोनो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनो ही मामलों की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका



मुआयना कर मामले को जांच में लिया है।

### मोबाइल छीना तो लगाई फांसी

पहली घटना कोतवाली के कैलवारा फाटक क्षेत्र की है, जहां रात में एक 16 वर्षीय किशोरी को उसकी बहिन ने किसी से मोबाइल पर बात करते देख लिया। इसके बाद उसने किशोरी को डांट लगाते हुए उसका मोबाइल छीनकर अपने पास रख लिया। इसके बाद दोनों अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चली गईं। सुबह जब बड़ी बहिन उठी तो बाथरूम में उसने किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटकता पाया। समझा जा रहा कि किशोरी ने देररात आत्महत्या की होगी।

### किशोर को डांट गुजरी नागवार

इसी तरह खिरहनी चौकी क्षेत्र में माई नदी के पास रहने वाले एक किशोर को रात में उसके पिता ने मोबाइल चलाने से मना किया और पढ़ाई करने की समझाइश देते हुए सख्तीपूर्वक उससे मोबाइल रखने के लिए बोल दिया। पिता की बात इस किशोर को इतनी नागवार गुजरी कि देररात जब परिवार के सभी लोग सो गए तो उसने फांसी के फंदे से झूलकर को मौत को गले लगा लिया। उसके स्वजन को शुक्रवार की रात दो बजे इस घटना का पता चला। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी।

### खतरनाक है मोबाइल की लत

एक्सपर्ट मानते हैं कि मोबाइल की लत बच्चों पर मानसिक और शारिरिक प्रभाव डालती है और एक वक्त आता है जब बच्चों के लिए मोबाइल ही सबकुछ बन जाता है। मोबाइल की लत बच्चों को चिड़चिड़ा बना देती है और इससे बच्चों का दिमाग धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। यहां तक कि उनकी याददाश्त भी कमजोर होने लगती है। डॉक्टरों के अनुसार इसकी वजह से 10 से 15 साल के उम्र के बच्चे डिप्रेशन, एंजाइटी, अटैचमेंट डिसॉर्डर और मायोपिया जैसी बीमारी की जकड़ में आ रहे हैं। मोबाइल, टैब, लैपटॉप, वीडियो गेम के अधिक प्रयोग के कारण बच्चों के मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ रहा है।

### ध्यान देना बहुत जरूरी

स्मार्टफोन की लत एक ऐसी आदत है जिस पर अगर समय रहते काबू लिया जाए तो बेहतर है। वरना देर होने पर बहुत दिक्कत होती है। कई बार तो बच्चों को फोन से दूर करना माता-पिता पर इतना भारी पड़ जाता है कि वह खाना तक छोड़ देते हैं। इसलिए अभी से आपको कुछ चीजों ध्यान में रख लेना चाहिए। ताकि, बच्चे बहुत ज्यादा फोन चलाने की आदत से दूर रहें।

# नायब तहसीलदारों को सौंपे नवीन कार्य दायित्व

### कलेक्टर ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले मे पदस्थ नायब तहसीलदारों के मध्य नवीन कार्य दायित्व सौंपा जाकर आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार प्रभारी नायब तहसीलदार बरही वृत्त खितौली श्री मनोज नामदेव को न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त पिपरिया कला में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख ओम बाबू बघेल को नायब तहसीलदार वृत्त बचौया कुआं तहसील बोरीबंद तथा प्रभारी नायब तहसीलदार बरही वृत्त पिपिरियाकला नरेन्द्र कुमार खरे को प्रभारी नायब तहसीलदार तहसील विजयराघवगढ़ वृत्त देवराकलां में पदस्थ किया गया है।

## अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने 38 कर्मचारियों को वितरित किये पीपीओ

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कलेक्टर के नवीन सभाकक्ष में आयोजित कर्मचारियों के सेवानिवृत्त कार्यक्रम के दौरान माह जून 2024 की स्थिति में सेवानिवृत हुए कटनी जिले अंतर्गत विभिन्न विभागों के 38 अधिकारियों - कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं पीपीओ भेंट कर उनके सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस कार्यक्रम में अरविंद सिंह ठाकुर जिला कोषालय एवं पेंशन अधिकारी, वेद कुमार डोंगरे सहायक पेंशन अधिकारी, अभय कुजूर सहायक कोषालय अधिकारी,श्रीमती दीपिका सोनी सहायक पेंशन अधिकारी, बलदेव सिंह बहेलिया सहायक ग्रेड 02, प्रमोद पांडे सहायक ग्रेड 02 एवं समस्त पेंशन कार्यालय एवं जिला कोषालय के सभी शासकीय सेवकों का योगदान सराहनीय रहा।

### अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

# स्पा सेंटर संचालन संबंधी बैठक में समिति सदस्यों से लिये गए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्पा सेंटर संचालन से संबंधित शिकायतों को संज्ञान में लेते हुये कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेश के अनुक्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं वन स्टॉप सेंटर समिति की बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते की अध्यक्षता में किया गया।



बैठक में जिले में संचालित स्पा सेंटर्स का शॉप एवं इस्टैब्लिशमेंट एक्ट लेसमेंट एक्ट 1995 अंतर्गत पंजीयन, स्पा सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों की आयु एवं पुलिस सत्यापन संबंधी मानक, नियमित अंतराल पर निरीक्षण, नगर निगम अंतर्गत अनिवार्य पंजीयन सुनिश्चित करने संबंधी विषयों पर चर्चा की जाकर संबंधित विभागों को नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान स्पा सेंटर एवं पार्लर संचालन के संबंध में मानक प्रचलन प्रक्रिया के विकास के संबंध में समिति सदस्यों के सुझाव लिये गये।

अपर कलेक्टर, कटनी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस एवं प्रशासन के माध्यम से संयुक्त कार्ययोजना निर्माण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में प्रत्येक अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता एवं नगर पालिक निगम क्षेत्र में समितियां का गठन किये जाने की प्रस्तावना की गई। समितियों में राजस्व, पुलिस, नगर निगम, महिला बाल विकास एवं श्रम विभाग के अधिकारी सम्मिलित होंगे। गठित समितियां संबंधित क्षेत्रों में संचालित स्पा सेंटर एवं पार्लर आदि का सत्यापन एवं निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के दौरान सेंटर संचालन में नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर गंभीर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान एसपी अभिजीत कुमार रंजन, एडी एसपी संतोष डेहरिया, सीएसपी ख्याति मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह सुश्री वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक प्रभात शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक अजाक्स मौजूद रहे।

## महाविद्यालय बहोरीबंद में किया गया पौधारोपण



शासकीय महाविद्यालय विकासखण्ड बहोरीबंद में चल रही बी .एस .डब्ल्यू एवं एम .एस .डब्ल्यू की वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण आज डॉ तेज सिंह केसवाल जिला समन्वयक के द्वारा किया जाकर महाविद्यालय में चल रही बार्षिक परीक्षा की जानकारी निर्धारित समय पर चित्रकूट यूनिवर्सिटी भेंजने हेतु परीक्षा प्रभारी प्राचार्य को बताया गया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया एवं संरक्षण हेतु शपथ ली जाकर वृक्षारोपण की फोटो को वायुदूत एप पर अपलोड करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान प्राचार्य इन्द्र कुमार ठाकुर, ब्लाक समन्वयक अरविंद शाह, कालेज के स्टाफ विवेक चौबे डॉक्टर प्रवीण तिवारी , मंजू द्विवेदी डॉक्टर ज्योति ताम्रकार डॉ ममता पटले परामर्शदाता अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष तिवारी, छात्र मुकेश सिंह सेंगर, धर्मेंद्र लोधी की उपस्थिति रही।

### आवास रिक्त कर आधिपत्य कलेक्टर कटनी को सौंपने किया निर्देशित

# डाक्टर श्रद्धा द्विवेदी से शासकीय आवास रिक्त कराने बेदखली की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ0 श्रद्धा द्विवेदी द्वारा सिविल लाइन कटनी स्थित शासकीय आवास कमांक एफ.-01 के परिसर को अनाधिकृत रूप से अधिभोग किये जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व कटनी द्वारा लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 22 जुलाई 2024 सायं 5 बजे तक रिक्त करने का आदेश दिया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नें उपरोक्त कार्यवाही कार्यालय कलेक्टर कटनी के आदेश अनुसार शासकीय आवास क्रमांक एफ.-01 सिविल लाइन कटनी में डॉ. श्रद्धा द्विवेदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय कटनी को 30 दिवस में आवास रिक्त कर आधिपत्य आवास शाखा कलेक्टर कटनी को सौंपने हेतु निर्देशित किया गया था।

डॉ श्रद्धा द्विवेदी द्वारा उक्त आवास रिक्त नहीं करने पर कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के माध्यम से शासकीय आवास कमांक एफ.-01 सिविल लाइन कटनी में डॉ. श्रद्धा द्विवेदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय कटनी के विरूद्ध बेदखली एवं 45-बी (बाजार मूल्य दर पर किराया वसूली) के संबंध में विधि के प्रावधान अनुसार शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किये जाने पर डॉ श्रद्धा द्विवेदी स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय के विरुद्ध बेदखली एवं 45 बी की कार्यवाही की गई है।

### तो की जाएगी कार्यवाही

आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में पुलिस बल एवं नगर निगम तथा राजस्व बल का सहयोग प्राप्त कर उक्त परिसर को रिक्त कराए जाने की कार्यवाही की जावेगी, समस्त जवाबदारी डॉ श्रद्धा द्विवेदी की होगी।

### जिला स्तरीय परीक्षण समिति की बैठक का आयोजन 22 को

# एक ही छात्रावासों में सालों से पदस्थ वार्डन को हटाने समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार जिले में कक्षा 9 से 12 तक संचालित 06 कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में कार्यरत वार्डन का कार्यकाल 03 वर्ष पूर्ण होने पर उनके स्थान पर नवीन वार्डन की नियुक्ति किये जाने हेतु जिला स्तर पर 6 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

डीईओ पी.पी.सिह द्वारा जारी आदेश में चयनित विद्यालयों एवं विकास खंडों से प्राप्त आवेदनों के अवलोकन एवं वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार सभी बालिका छात्रावासों के लिये वार्डन पद पर महिला शिक्षिका के चयन हेतु जिला स्तरीय परीक्षण समिति की बैठक सोमवार 22 जुलाई 2024 को दोपहर 3 बजे से कार्यालय राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कटनी कक्ष क्रमांक 102 में आयोजित की गयी है। आयोजित बैठक के दौरान गठित समिति के अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह, सहित सहित सदस्यगणों राजेश अग्रहरी सहायक संचालक (शिक्षा), अभय जैन अति. जिला परियोजना समन्वयक (आर.एम.एस.ए.) एम. किडो प्राचार्य शा. उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय, कल्पना मिश्रा प्राचार्य शा.उ.मा.विद्यालय देवरी हटाई एवं मुहम्मद रजा लेखापाल को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## सर्पदंश एवं सड़क हादसे में दो की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एवं सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लदहर गांव निवासी रोहित चौधरी पिता रोहनी प्रसाद चौधरी 20 को सर्प ने काट लिया। युवक को शासकीय अस्पताल बड़वारा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए पंचनामा कार्रवाई के करते हुए पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही बरगवां नंबर एक नैगवां में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले में सूरज सिंह पिता प्रेमलाल सिंह उम्र 18 बीते 28 जून को सड़क हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इसी तरह रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के रामनिवास सिंह वार्ड भटटा मोहल्ला निवासी धनीराम अहिरवार पिता महिपाल अहिरवार 69 साल की बीमारी के कारण मौत हो गई। वहीं माधवनगर थाना अंतर्गत पीरबाबा बाइपास के पास दुर्गा बहादुर बकावल पिता कुलबहादुर बकावल उम्र 34 साल निवासी गोवरडिहा नेपाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

### नदियों के सीमांकन को लेकर कचहरी चौक में किया गया प्रदर्शन

# हवन के साथ शंख और घंटे बजाकर प्रशासनिक अधिकारियों को जगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में सक्रिय भू माफियाओं द्वारा सरकारी जमीनों, वन भूमियों के साथ ही नदी, नालों व तालाबों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता एवं बेपरवाही के चलते भू माफिया जलस्त्रोतों को पाटकर भी कब्जा कर रहे हैं। शहर व आसपास बहने वाली नदियों का सीमांकन कराये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को कचहरी चौक में हवन कर शंख और घंटे बजाकर प्रशासनिक अधिकारियों को जगाने के लिए प्रयास किया गया। इससे पूर्व विगत आठ जुलाई को नदियों के सीमांकन को लेकर जन आंदोलन को तूल पकड़ता देख एसडीएम कटनी ने आनन फानन में आँदोलन के एक दिन पूर्व ही आदेश दे डाला था। आदेश में शहर की रपटा नदी,माई नदी,कटनी नदी और दुगाड़ी नाला के सीमांकन का कार्य संपन्न कराने के लिए चार टीमें गठित की थीं और पाँच दिवस के अंदर पंचनामा सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने






का आदेश दिया गया था किंतु 15 दिन बीतने के बाद भी जब सीमांकन के काम की जानकारी नहीं मिली तो पर्यावरण मंच के बैनर तले फिर से आंदोलन छेड़ते हुए एस डी एम कटनी को ज्ञापन सौंपा गया।

कचहरी चौराहे पर पर्यावरण मंच के द्वारा शंख,घंटा,हवन के माध्यम से जिला प्रशासन को जगाने का प्रयास किया गया। जन आँदोलन के सूत्रधार कमलेश पटेल ने बताया कि प्रशासन के द्वारा पूर्व में दिया गया आदेश महज दिखावा निकला। जुलाई माह आधे से ज्यादा निकल चुका है,शहर में सूखे जैसे हालात हैं,इसके बाद सीमांकन का काम नहीं हो पाया। पूरी नदियाँ सूखी पड़ी हुई हैं। इस हालत में सीमांकन के काम में कोई बाधा भी नहीं आनी थी फिर भी यह काम नहीं हो सका। आगे उन्होंने बताया कि यदि जुलाई माह में चारों नदियों का सीमांकन करते हुए कब्जा धारियों को नहीं गया तो इस संबंध में हाइकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। ज्ञापन की एक कॉपी मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री,एनजीटी,जिला कलेक्टर,नगर निगम कमिश्नर और मुड़वारा विधायक को भी भेजी गई है।

इस दौरान आँदोलन के सूत्रधार कमलेश पटेल,पर्यावरण मंच के जिला संयोजक प्रशांत कुमटाकर,संजू द्विवेदी,ज्वाला पटेल,प्रेरणा बर्मन, ममता गर्ग,संजय पटेल, कमल रजक,लता खरे,सुयश पोरवाल,सुभाष गुप्ता,अजित सिंह राजपूत,रेखा प्यासी एवं सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

### मासांत तक होगा खरीफ फसलों का बीमा

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ अंतर्गत कृषकों के लिए अपनी पटवारी हल्के में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा कराने तथा अऋणी कृषकों से 31 जुलाई तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंक सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते है। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। किसान बीमा कराएं ताकि नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

# मलेरिया रोग नियंत्रण से 4938 लोग हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आयुष विभाग द्वारा मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले मे चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार 18 जुलाई 2024 को प्रथम चरण के दौरान जिले के 4 हजार 938 लोगों को प्रथम खुराक खिलायी गयी।

जिला आयुष अधिकारी डा0 शिवानी गुप्ता नें बताया कि प्रथम चरण के अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्व से ही तैयारी की जाकर जिले के स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी एवं आयुष विभाग के अधिकारी एवं की डियूटी लगाई जाकर गुरूवार को प्रथम खुराक के रूप में 4हजार 938 लोगों को दवा खिलाई गई है। कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत दूसरी खुराक 25



जुलाई को खिलाई जायेगी। कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला आयुष अधिकारी ने कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी कार्यक्रम के सभी चरणों को सफल बनाने का मे इसी तरह से सहयोग प्रदान करनें का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### रोशनी से जगमग हुआ गाटरघाट अंडर ब्रिज मार्ग

**कटनी।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 6 में गाटरघाट से अंडर ब्रिज एवं कर्बला दरगाह तक का मार्ग अब रोशनी से जगमग हो गया है। स्थानीय पार्षद के प्रयासों एवं महापौर प्रीती संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष व निगम आयुक्त की विकास के प्रति सक्रियता के कारण अंधेरे में डूबा मार्ग अब चमचमाती रोशनी से जगमगाने लगा है। आपको बता दें कि इस मार्ग में हमेशा अंधेरा छाया रहता था। मार्ग में अंधेरा होने के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए वार्ड पार्षद नीतू रजक द्वारा महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला से वार्ड वासियों की समस्या के बारे में जिक्र किया गया। इसके उपरांत नगर निगम के द्वारा 19 लख रुपए की लागत से इस मार्ग में ऑक्टागोनल पोल लाइटें लगवाई गई। लाइट लगने के बाद पूरा मार्ग जगमग रोशनी से जगमगा रहा है।

### सिद्ध स्थल भरभरा आश्रम में कार्यक्रम कल

**उमरियापान।** उमरियापान के समीपस्थ सिलपरा नदी तट पर स्थित भरभरा आश्रम में कल गुरुपूर्णिमा के अवसर पर संतश्री बनवारी दास जी महाराज के सानिध्य में भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक भंडारा प्रसाद वितरण होगा। हरदी कुटी आश्रम में ब्रम्हचारी संत कौशिल्यादास जी महाराज के सानिध्य में गुरूपूर्णिमा आयोजन किया जाएगा। करौंदी स्थित महर्षि वेद विज्ञान विधापीठ आश्रम के विशाल ध्यानहाल में प्रथम सत्र में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक अतिरुद्राभिषेक पाठ होगा। द्वितीय सत्र में दोपहर 2 बजे से साढे 4 बजे तक वैदिक विधि विधान से गुरूपरंपरा पूजन, वेदपाठ होगा। आश्रम प्रभारी अरविंद सिंह, सहप्रभारी रतिभान सिंह ने आमंत्रितजनों से समय पर उपस्थिति की अपील की है।

### गाज की चपेट में आने से एक की मौत पांच घायल

**कटनी।** आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब यह सभी मजदूर खेत में रोपा लगाने का काम कर रहे थे। घटना बहोरीबंद थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पथराड़ी पिपरिया के कूड़ा घनिया हार में हुई। गत शाम करीब 5 बजे आकाशीय बिजली गिरने के कारण नन्दकुमार गुप्ता पिता रूपचंद गुप्ता उम्र 48 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ललित पिता रामगोपाल बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया, सुमन बाई पति रमेश बसोर उम्र 44 वर्ष निवासी कूडा घनिया, कुसुम बाई पति पदम उम्र 40 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया, रामकली पति आनन्द जोगी उम्र 30 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया एवं राजेश पिता गणेश दाहिया उम्र 35 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रिफर किया गया।

सड़कों में मवेशियों के झुण्ड से अनियंत्रित हो जाते हैं वाहन, बारिश में अधिक समस्या

# सड़क में खड़े मवेशियों को बचाने के फेर में हादसे का शिकार हो रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



जिले में हादसों के मामले बढ़ रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद भी दुर्घटनाओं में आये दिन किसी न किसी की जान जा रही है। कभी लापरवाही तो कभी अन्य कारणों के चलते वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते हैं। हादसों की प्रमुख वजहों में से एक सड़कों में मवेशियों का डेरा भी शामिल है। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई तो कभी अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जात हैं।

उमरियापान से ढीमरखेड़ा के बीच मडेरा, बनेहरी से लेकर पोंडीखुर्द, सिमरिया तक मवेशी झुण्ड में पूरी सड़कों पर इस तरह बैठे रहते हैं कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो जता है। सड़कों में जगह-जगह पर 8 से 10 या इससे भी अधिक मवेशी झुंड बनाकर एकजुट रहते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है। दुर्भाग्य है कि सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को भी नहीं है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि जनता स्वयं संभलकर चलें। प्रशासन के द्वारा समय-समय पर यातायात व्यवस्था एवं पशुओं की समस्या को लेकर बैठक होती है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से आम आवाम की परेशानी जस की तस बनी हुई है। तहसील और पुलिस प्रशासन का भी ध्यान इस ओर नहीं है। ऐसे में मवेशियों के साथ-साथ सड़कों के किनारे कई जगह ठेले-खोमचे, वाहनों को यत्र-तत्र खड़ा करने से जाम की स्थिति बनती है। खासकर सुबह एवं शाम में स्कूली वाहनों की लंबी कतार भी लग जाती है। प्रशासन सार्थक प्रयास नहीं करता है तो वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आवागमन में परेशानी

बीच सड़क पर बैठे आवारा पशुओं के साथ होने वाली दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा रात के समय वाहन चालकों को समस्या होती है। कुछ आवारा मवेशी ऐसे हैं जिनका रंग काला होता है और बीच सड़क पर बैठे रहते हैं। तेज गति से आवागमन वाले वाहन चालकों को ये जानवर दिखाई नहीं देते जिसके कारण दुर्घटना घट जाती है। रात्रि में कई बार मवेशी दिखाई नहीं देता हैं, इसी तरह बारिश के समय कीचड़ व पानी से बचने मवेशी सड़क के बीच में बैठ जाते हैं जिसके कारण वाहनो के आवागमन में परेशानियां होती हैं। मवेशियों को इस तरह आवारा छोड़कर रखा गया तो एक दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मुख्य मार्गों में आवारा पशु बीच सड़क पर बैठ कर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



# प्लाग रन गतिविधि से स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत कटनी नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक के निर्देशन एवं निगमायुक्त के मार्गदर्शन में कटनी नगर में प्लाग रन का किया आयोजन। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम साई विज़न की स्वच्छता टीम द्वारा कटनी नगर के वार्ड क्र 03 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित सावित्री विद्या पीठ स्कूल में प्लाग रन गतिविधि का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के समस्त छात्र -छात्राओं एवम शिक्षको, अन्य स्थानीय जनों की सहभागिता से प्लाग रन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता सम्बन्धी नारों के साथ नागरिकों को स्वच्छता का संदेश प्रसारित करते हुए रैली मार्ग में सफाई अभियान चलाया गया एवं व्यवसाईयों की दुकानों में डस्टबिन नहीं पाए जाने पर उनसे दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने की अपील भी की गई। साथ ही स्कूल प्रांगण एवम सार्वजनिक क्षेत्रों में पड़े अपशिष्ट को गार्बेज बेग में इकट्ठा कर कचरा संग्रहण वाहन को दिया गया जिससे कचरे का सही निस्तारण हो सकें। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवम अन्य नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

सड़क में सामग्री रखने व अस्थायी अतिक्रमण हावी

# सख्त कार्यवाही नहीं होने के चलते शहर में यातायात की बेढंगी चाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर के अति व्यस्ततम मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण के चलते न सिर्फ आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि जाम की समस्या से भी वाहन चालक व आम राहगीर परेशान हो रहे हैं। दुकानदारों को सामान हटाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हिदायत भी दी जाती है लेकिन इसका कोई खास असर नहीं होता। न ही कहीं फुटपाथ खाली हुआ है और न ही कहीं सड़क पर रखी दुकान सामग्री को हटाने के लिए कोई तैयार है।

नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किंग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है। फुटपाथी व्यवसाइयों को सबक सिखाने और दोबारा अतिक्रमण न करने कार्यवाही के नाम पर कभी कभार सख्त कार्यवाही का दिखावा किया जाता है। दो दिन की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग अब निडर हो गये है। कई बार चेतावनी दी जाती है कि सड़क में लगाये ठेला या सामान रखा है, उसको भी दुकान के अंदर पहुंचा दें। इस दौरान नाली के आगे जो भी सामान रखा हुआ मिलेगा, उसे टीम जब्त कर लेगी। इस पर आने वाला खर्च भी दुकानदार से वसूल किया जाएगा। यह चेतावनी कई बार जारी की गई, कई बार एनाउंस करवाया गया। इसके बाद आज तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं दिखी। ऐसे में अब लोगों को अतिक्रमण अभियान की चेतावनी का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है।

## पौधारोपण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन



विलायतकला मंडल कार्य समिति की प्रथम वृहद बैठक मंडल प्रभारी विजय दुबे एवं विजय गुप्ता की उपस्थिति में मंगल भवन पथवारी में संपन्न हुई एवं शासकीय माध्यमिक शाला पथवारी में एक पेड़ मां के नाम के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ जिसमें मंडल अध्यक्ष गजेंद्र उपाध्याय सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष राजेंद्र कोल, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप सोनी अजय सोनी दिनेश पांडे वीपी त्रिपाठी माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक जगदंबा तिवारी पुष्पेंद्र गोस्वामी सोनू भैया पुष्पराज सिंह सतीश चौबे शिव प्रसाद शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष रेवा प्रसाद शर्मा गणेश पुरी गोस्वामी अखिलेश श्रीवास्तव सतीश पयासी औसर पाल अमर राज सिंह सुनील साहू सुरेश कुशवाहा राजू सिंह बबलू चौधरी रामायण सिंह हेमंत गोस्वामी सुरेश रघुवंशी सत्येंद्र यादव राम सुजान यादव लखनपुरी गोस्वामी दशरथ यादव एवं संगठन के पदाधिकारी गण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# मूंग खरीदी केंद्र बड़वारा में प्रभारी की मनमानी से अन्नदाता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश दिये गए हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते केन्द्रों में नियुक्त खरीदी प्रभारियों द्वारा मनमानी की जा रही है जिससे किसान परेशान हैं।

बड़वारा में मूंग खरीदी केंद्र में खरीदी प्रभारी पर ग्राम रोहनियां के किसान राजेश गुप्ता, मोहित गुप्ता, प्रदीप प्रजापति ने आरोप लगाते हुए बताया कि खरीदी प्रभारी के द्वारा उनकी मूंग की खरीदी करने में तमाम कानूनी मापदण्ड बताकर खरीदी करने से हीलाहवाली की जा रही है वहीं ब्यापरियों व बिचौलियों की मूंग बिना किसी कानूनी औपचारिकता के आसानी से खरीद ली जाती है। खरीदी केंद्र में व्यापारियों का बोलबाला है।

किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्र बड़वारा में खरीदी प्रभारी के द्वारा ग्रेडर उपलब्ध नही करवाया जाता है जबकि व्यापारियों उपलब्ध करवाया जाता है। खरीदी केंद्र में अपनी मूंग की उपज विक्री करने आने वाले किसानों के लिए बैठक व्यवस्था व पेयजल के माकूल इंतजाम नही किये गए हैं जिससे किसान परेशान रहते हैं।

किसानों ने बताया कि खरीदी प्रभारी यदि इसी प्रकार से किसानों की उपज खरीदने में परेशान करेंगे तो किसान खरीदी केंद्र में आकर अपनी उपज विक्रय करने में आने से दूरी बनाएगा। किसानों ने खरीदी केंद्र बड़वारा में आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधरवाने की मांग की है।

शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर हुई कार्यवाही

# अपराधिक तत्वों को सबक सिखाने पुलिस ने सदलबल किया क्षेत्र भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में माधवनगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर दलबल के साथ पैदल ही क्षेत्र भ्रमण पर निकल पड़े। थाना क्षेत्र के बाजार एवं सुनसान क्षेत्र में भ्रमण करते हुए उन्होंने ताबड़तोड़ कार्यवाहियों को अंजाम दिया। इसके साथ ही संदिग्ध अवस्था में पाए गए लोगों से पूछताछ करते हुए उन्हें हिदयाती लहजे में समझाइस दी।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए माधव नगर पुलिस ने आबकारी एक्ट 34(1) के तहत – दो प्रकरण दर्ज किए, पहला प्रकरण 15 पाव शराब (कीमतः 1500) रुपए एवं दूसरा प्रकरण 17 पाव शराब (कीमत 1700) रुपए का दर्ज किया गया। इसी तरह आबकारी एक्ट – 36बी के तहत एक प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस एक्ट – 34 के तहत 20 प्रकरण दर्ज किए गए। जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 10 प्रकरण दर्ज किए गए और समन शुल्क के रूप में 4200 रुपए वसूल किए गए। इसके अतिरिक्त, थाना माधवनगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित स्कूलों और खंडहरों की भी सघन चेकिंग की गई, ताकि आसामाजिक तत्वों का जमवाड़ा न लगे। पैदल निकले पुलिस बल ने वाहन चेकिंग के दौरान वाहनों को चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा व्यापारियों एवं वाहन चालकों को रोड पर वाहन न खड़ा करने हेतु चेतावनी दी।

पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, सड़क पर बाधा उत्पन्न करने वाले 20 हाथ ठेला वालों पर भी चालानी कार्रवाई की गई है। इस अभियान का उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और यातायात व्यवस्था को सुधारना है

विजन डाक्यूमेंट तैयार कराने में सहयोग करने के दिये निर्देश

# पंचायतों को समग्र रूप से विकसित किये जाने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बड़वारा की ग्राम पंचायत को अगले वर्षों में विकसित किए जाने रोड मैप तथा विकास का ब्लु प्रिंट तैयार किये जाने हेतु बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिँह की अध्यक्षता में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य सहित सचिव एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति में शासन के द्वारा सुझाए गए सतत विकास लक्ष्य की 9 थीम पर आधारित विषयो पर समझ विकसित करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के अनुक्रम में कलेक्टर अवि प्रसद के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत क़े मार्गदर्शन मे विजन डाक्यूमेंट तैयार किए जाने हेतु बड़वारा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेढ़ी में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की शुरुआत भारत माता के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर भारत माता की जयकार उद्घोष के साथ की गई।

कार्यशाला में अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान क्षेत्रीय विधायक क़े द्वारा पंचायत से अभी तक किए गए कार्यों का फीडबैक लिया गया एवं विस्तृत विजन तैयार किये जाने निर्देश दिए गए तथा शासन स्तर से आवश्यक फंड जुटाए जाने पंचायत को आश्वस्त किया गया। ग्राम पंचायत के इस विजन डॉक्यूमेंट को तैयार कराने पंचायतों को सहयोग करने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीईओ जनपद पंचायत कटनी प्रदीप सिंह द्वारा पंचायत को स्वच्छ एवं हरित पंचायत, गरीबी मुक्त पंचायत, महिला हितैषी पंचायत, जल संतृप्त पंचायत, आत्मनिर्भर एवं सुशासन युक्त पंचायत आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदाय करते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को बेहतर विजन तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के विकासखंड समन्वयक जग्गी पटेल द्वारा अभियान अंतर्गत पंचायत को समग्र रूप से गंदगी मुक्त बनाए जाने स्वच्छ पंचायत की अवधारणा हेतु की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। कार्यशाला में उपस्थित क्षेत्र के सरपंचों से ग्रामों क़े विकास हेतु उनके विचार साझा किये गए।

कार्यशाला के दौरान जनपद पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया मंडल, अध्यक्ष नितिन पांडे, आशीष तिवारी, बलराम दहिया बीसी आवास, वर्षा जैन एपीओ, जग्गी पटेल बीसी एसीबीएम, क्षेत्रीय सरपंचों सचिव और रोजगार सहायक की उपस्थिति रही।

**कार्यालय नगर परिषद विजयराघवगढ़ जिला-कटनी (म.प्र.)**

क्रमाक /580./रा.शा./2024 विगढ़ दिनॉक /10-07-24

**राजस्व विभाग (अन्यकर)**
**ऑफर आमंत्रण निविदा प्रपत्र**

नगर परिषद् विजयराघवगढ अंतर्गत निकाय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 07 काम्पलेक्स में निर्मित निकाय स्वामित्व की दुकानों को 30 वर्षो के लिये लीज पर नियमानुसार निर्धारित वार्षिक लीज रेट पर दिये जाने के लिये निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य राशि से अधिक राशि की प्रस्थापना ऑफर आमंत्रित की जाती हैं। नगर परिषद् विजयराघवगढ की दुकानों को लीज पर लिये जाने के लिये इच्छुक व्यक्ति/संस्था/साझेदारी फर्म / कम्पनी द्वारा अधिकृत व्यक्ति संस्था / फेचाईजी से निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य राशि से अधिक राशि का ऑनलाईन ऑफर आमंत्रित किया जाता है।

सामान्य विवरण निम्नानुसार है :-

| दुकान क. | क्षेत्रफल (वर्ग फुट) | क्षेत्रफल (वर्गमी.) | वर्ग | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | दुकानों का वार्षिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 10'x17'-170 | 15.793 | SC आरक्षित | 2,65,000/- | 2.5% | 20.000/- |
| 6 | 10'x17'-170 | 15.793 | अनारक्षित | 1,99,000/- | 2.5% | 20.000/- |
| 7 | 10'x10'-100 | 9.290 | अनारक्षित | 1,38,000/- | 2.5% | 20.000/- |
| 9 | 8'x11'-88 | 8.175 | OBC आरक्षित | 1,27,000/- | 2.5% | 20.000/- |
| 10 | 9'x11'-99 | 9.197 | ST आरक्षित | 1,37,000/- | 2.5% | 20.000/- |

नोट :- निमार्णाधीन दुकान होने की स्थिति प्रति दुकान आदि के लिए निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य में वास्तविक निर्माण पर होने वाले व्यय के मान से निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य में वृध्दि होना संभावित है इसी तरह की वृध्दिता राशि संबंधितो के द्वारा प्रस्तुत की गई ऑफर राशि के अतिरिक्त देय होगी। टेडर डाक्यूमेंट कय करने एवं बीट प्रस्तुत करने की दिनांक www.npvijayraghavgarh.gov.in पर देखी जा सकती है। पोर्टल में उल्लेखित दिनांक अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद विजयराघवगढ़
जिला-कटनी (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार देवेंद्रनगर की आमजन से की अपील, समग्र आईडी को खसरे से लिंक करायें

**देवेन्द्रनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में राजस्व महाअभियान पूरे जोर शोर से मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण जैसे कई मुद्दों पर राजस्व कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए है।इसी तारतम्य में किसान आई डी निर्माण के लिए हर कृषक को अपने खसरे को समग्र आईडी से लिंक कराना अनिवार्य है। इस संबंध में देवेंद्रनगर तहसीलदार ने आमजन से अपील करते हुए बताया की सभी कृषक अपने खसरे को समग्र आईडी से लिंक आवश्यक रूप से करवाए ताकि पीएम किसान, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ अनवरत मिलता रहे एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त का भुगतान भी समग्र से लैंड पार्सल लिंक होने पर आसानी से हो सकेगा एवं फार्मर आईडी बन जाने पर किसान क्रेडिट कार्ड की राशि के भुगतान का समय घटकर केवल 30 मिनट रह जाएगा। इस प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए किसानों को किसी भी नजदीकी ऑनलाइन केद्रो, सीएससी केंद्रों में अपना खसरा,समग्र आईडी, आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल ले जाकर लिंक करवाना होगा। तहसीलदार देवेंद्रनगर ने इस प्रक्रिया की अनिवार्यता के साथ ये बताया की एक बार ये प्रक्रिया करवाने के बाद भविष्य में पीएम किसान एवं किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं के लिए अनावश्यक दस्तावेज लेकर भटकने की जरूरत नहीं होगी।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण तृतीय दिवस, महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं ने की सामूहिक चर्चा

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस.पी.एस. परमार के नेतृत्व में छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना में चल रहे अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस के पहले सत्र में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय के व्याख्याता दिनेश कुमार ने विषय समूह चर्चा पर व्याख्यान दिया और छात्र छात्राओं को अलग अलग टॉपिक देकर इसके सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर आपस में ही सामूहिक चर्चा कराया और इसके महत्व को भी बताया। दूसरे सत्र में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की अतिथि व्याख्याता श्रीमती पूजा खरे ने विद्यार्थियों से स्वयं सीवी बनवाया और विद्यार्थियों द्वारा सीवी बनाते समय होने वाली कठिनाइयों को सही किया। तृतीय सत्र में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य श्री अरविंद कुमार त्रिपाठी ने संप्रेषण कौशल के अंतर्गत संप्रेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले तत्वों को बताने के साथ साथ विभिन्न प्रतीकों के माध्यम से संप्रेषण को समझाया।

कलेक्टर श्री कोचर पहुँचे ग्राम बम्होरी मॉल, तारादेही स्वास्थय केन्द्र का लिया जायजा

# एएनएम की सराहना एवं सीएचओ के विरूद्ध जाँच एवं कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर प्रातः 07 बजे तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के ग्राम बम्होरी माल ग्राम पहुँचे। उन्होंने यहां सबसे पहले पौधा रोपण किया। इसके बाद ग्राम पंचायत में पहुंचकर ग्राम के लोगो की समस्याएं सुनी। इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर यहां से तारादेही पहुँचे। यहां भी ग्रामीणों ने अपनी समस्याओ से कलेक्टर को अवगत कराया। समस्याओं को सुन कलेक्टर ने मोके से ही सबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर एवं साथ में मौजूद तेंदूखेड़ा तहसीलदार सोनम पांडे को निर्देश दिए। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर उपस्वास्थय केंद्र तारादेही पहुंचकर यहां की व्यवस्थाओ का जायजा लिया।



ग्राम बम्होरी मॉल में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत भवन में ग्राम के लोगों की समस्याए सुनी। कुछ ग्रामीणों ने आवास योजना तो कुछ ने नए शौचालय को लेकर समस्या बताई। कुछ किसानों ने किसान सम्मन निधि तथा ग्रामीणों ने बिजली विभाग को लेकर भी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मोके से ही विद्युत भाग और जनपद के सीईओ और तहसीलदार को निर्देश दिए कि बम्होरी ग्राम पंचायत जाकर और ग्रामीणों की समस्याओ का अतिशीघ्र निराकरण करे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम बम्होरी माल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौध रोपण किया।

#### कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर श्री कोचर ने तारादेही उपस्वास्थय केंद्र का निरिक्षण किया। डिलेवरी रूम की व्यवस्थाएं देखी जो संतोषजनक रही। ए एन एम कल्लो गोड़ तारादेही उपस्वास्थय केंद्र में पदस्थ है जिनका कार्य संतोष जनक मिला। ए एन एम तारादेही में ही निवास भी करती हैं। कलेक्टर ने भी ए एन एम की प्रसंसा की। साथ ही सीएचओ (CHO) के समय पर न आने और सप्ताह में केवल 2 -3 दिन आने की शिकायत मिली। जिसपर कलेक्टर ने सीएचओ (CHO) नेहा वर्मा के विरुद्ध जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए।

खंड स्तरीय दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन

# 161 दिव्यांगों ने शिविर में कराया परीक्षण



**हटा।** नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण स्तरीय दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार को जनपद के आजीविका मिशन सभागार में एलम्को जबलपुर के माध्यम से किया गया।जिसका निरीक्षण विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक द्वारा किया गया जहां शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनों के परिजनों से चर्चा कर उन्हें हर संभव मदद कराए जानें एवं शासन की ओर से सुविधाएं मुहैया करानें का भरोसा दिलाया गया। आयोजित शिविर में नगरीय क्षेत्र व ग्राम पंचायत स्तर पर दिव्यांग बच्चे अपनें परिजनों के साथ शिविर में पहुंचे जहां उनके अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों का पंजीकरण कराया गया जिसमें मानसिक मूकबधिर बच्चे अस्थि बाधित दिव्यांग बच्चे युवतियां युवा वर्ग शामिल रहे। शिविर में कुल 161रजिस्ट्रेशन किए गये जिसमें ग्राम पंचायत स्तर से 138 एवं नगरपालिका क्षेत्र से 23 रजिस्ट्रेषन किए गये जहां डाक्टर्स विषेषज्ञ की टीम द्वारा सभी का बारी-बारी से परीक्षण किया गया एवं जांच उपरांत 10 दिव्यांगो बच्चो का उपकरण के लिए चयनित किया गया जहां आगामी शिविर में एलम्को कंपनी द्वारा चयनित दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए जायेंगे।वही शिविर में 34 दिव्यांगों के नवीनीकरण प्रमाण पत्र जारी किए एवं 08 दिव्यांगों के यूडी आईडी कार्ड बनाएं गये शेष दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड जारी करनें के लिए उनके दस्तावेजों को जमा कराया गया।इस मौके पर पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर श्रीमति अंकिता मिश्रा अनीता पटेल सहित नगरपालिका से योगेष प्यासी एवं अन्य कर्मचारी के साथ जनपद पंचायत के सचिव रोजगार सहायकों की

## अकीदत वा एहतराम के साथ मनाया मोहर्रम



**बटियागढ़ ।** बटियागढ़ में मोहर्रम का जुलूस, दोपहर 3 बजे नया बाजार से ताजिया उठकर शहर ग्रस्त करते हुए दरगाह पर पहुंची। वहां बटियागढ़ इस्लामी अखाड़ा द्वारा अखाड़े का प्रोग्राम किया गया जिसमें छोटे बड़े और बुजुर्ग लोगों ने भाग लिया। फिर दरगाह से ताजिया कर्बला के लिए रवाना हो गई जिसमें इरफान खान, राजा खान, जुनी खान, सलमान खान, सोनी खान, इसरार खान, इस्माइल खान, पीर अली, हल्ले खान, रोशन खान, शाहरुख खान, अंजुम खान आदि सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## द्वारिका के राजमहलों में भव्यता से हुआ था श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवें दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण श्रीहरि विष्णु का अवतार थे तो देवी रुक्मिणी महालक्ष्मी का अंशावतार थी रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं वह दिखने में बहुत ही सुंदर बुद्धिमान और स्वभाव की सरल कन्या थीं राजा भीष्मक के दरबार में जो कोई आता वह भगवान श्रीकृष्ण के साहस और बुद्धिमता की तारीफ करता रुक्मिणी बचपन से कई लोगों के मुख से कृष्ण की तारीफ सुनती आ रही थीं इस कारण भगवान के चरणों में उन्हे प्रेम हो गया था राजा भीष्मक ने अपने पुत्र रुक्मी के कहने पर रुक्मिणी का विवाह चेदिराज शिशुपाल से तय कर लिया था रुक्मी शिशुपाल का खास मित्र था इसलिए वह अपनी बहन का विवाह उससे कराना चाहता था दूसरी ओर रुक्मिणी भले ही श्रीकृष्ण से कभी नहीं मिली थीं लेकिन वह महालक्ष्मी का अंशावतार थी ओर भगवान श्रीकृष्ण की नित्य पत्नी थी इसलिए उन्हें यह रिश्ता पसंद नहीं आया रुक्मिणी और शिशुपाल के विवाह की तारीख तय हो गई रुक्मिणी के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं रुक्मिणी ने ठान लिया कि वह विवाह सिर्फ श्रीकृष्ण से करेंगी नहीं तो अपने प्राण त्याग कर देंगी उन्होंने अपनी एक सखी के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भिजवाया रुक्मिणी ने संदेश में कहलवाया कि वह उनकी नित्य पत्नी है लेकिन उसका विवाह शिशुपाल से तय हो गया है अगर उसकी शादी कृष्ण से नहीं होगी तो वह प्राण त्याग देंगी जैसे ही कृष्ण के पास संदेश पहुंचा वह चकित रह गए संदेश मिलते ही श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंच गए जब शिशुपाल विवाह के लिए द्वार पर आया तभी कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया जब रुक्मिणी के भाई रुक्मी को पता चला तो वह अपने सैनिकों के साथ कृष्ण के पीछे गया फिर श्रीकृष्ण और रुक्मी के बीच भयंकर युद्ध हुआ जिसमें द्वारिकाधीश विजयी हुए इसके बाद श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारिका आ गए और दोनों का विधिवत विवाह सम्पन्न हुआ।

## भागवत कथा के आयोजन में बागेश्वर धाम श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सिमरिया पहुंचे

**एक हिंदू एक गाय की सेवा करे गौ-माता आवारा पशुओं की तरह घू रही जिसकी चिंता बाघेश्वर धाम सरकार से पधारे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने स्वयं जताई तथा हिंदुओं के लिये गौ-माता की सेवा को लेकर दिया संदेश आज हालात गौ-माता के गौ शालाओं में पहुंचाये जाने को लेकर जाने जाते हैं**

सिमरिया।

श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पहले गुरुदेव श्री श्री 1008 किशोर दास जू देव महाराज जी के दर्शन किए उनका आशीर्वाद लिया भारी संख्या में भक्तों ने बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का फूल मालाओं ढोल नगाड़ा से अभिनंदन किया उसके बाद बागेश्वर धाम सरकार मंडी प्रांगण पहुंचे सिमरिया आसपास के क्षेत्र वासियों की भीड़ बागेश्वर धाम सरकार के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आशीर्वचनों से भक्त मंत्र मुग्ध हो गए जय श्री राम के नारे चारों तरफ गूंजने लगे पत्रकारों को असुविधा न हो इसलिए श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी पत्रकारों को मंच पर बुला लिया पत्रकार द्वारा पूछे गए प्रश्न गौ माता आवारा पशु की तरह घूम रही है श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा वह गौ माता है आवारा पशु नहीं आज गौ माता आवारा घूम रही है उसका निदान है एक हिंदू एक गाय की सेवा करे।

# राजस्व महा-अभियान एवं ई-डायरी के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राजस्व महा-अभियान 20 एवं ई-डायरी के संबंध में कलेक्टर महोदय, के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग, वल्लभ भवन के पत्र क्रमांक 806/308000/2024 भोपाल दिनांक 15/07/2004 राजस्व महाअभियान प्रशासन द्वारा चलाये जाते हैंए संपूर्ण राजस्व अभियान में संपूर्ण कार्य करने वाला इकलौता कर्मचारी पटवारी है। इस एक कर्मचारी की मॉनिटरिंग (समीक्षा) राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, अधीक्षक भू-अभिलेख, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, अनुविभागीय अधिकारी, श्रीमान अपर कलेक्टर, श्रीमान कलेक्टर, श्रीमान संभागीय आयुक्त, आयुक्त भू-अभिलेख प्रमुख सचिव राजस्व सभी करते हैं। सबसे कम वेतन और सबसे कम संसाधन पटवारी के पास है। प्रदेश के सभी पटवारियों की हार्दिक इच्छा है कि एक बार एक अभियान पटवारियों के लिए भी चलाया जाय, जिससे उनको भी यह लगे कि हमारे लिए केवल घोषणायें ही नहीं होती हैं। शासन प्रशासन कुछ करना भी चाहता है। गत अभियान को भी पूर्णतः सफल पटवारियों ने ही बनाया था। अभियान के समय माननीय राजस्व मंत्री महोदय के द्वारा अभियान के शुरुआत में ही कहा था. अभियान सफल करो, आपकी सारी माँगें पूरी होगी। माँगे पूरी होनी तो दूर हडताल अवधि का वेतन भी आज दिनांक तक अप्राप्त है, जबकि पटवारियों से संबंधित तत्समय का कोई भी कार्य शेष नहीं है। श्रीमद् भगवत गीता में कहा गया है कि मजदूर का पसीना सूखने के पहले उसकी मजदूरी दे देनी चाहिये, किन्तु वर्तमान माननीय मुख्यमंत्री महोदय जिनके अराध्य ही श्री कृष्ण हैं. उनके मुख्यमंत्रित्व काल में पटवारियों को गत 06 महीनों से वेतन भतों के लाले पड़े हैं। प्रदेश के किसी भी पटवारी को इन 05 महीनों के संपूर्ण वेतन भत्ते प्राप्त नहीं हैं। भूखे पेट रहकर भी आपके निर्देशानुसार प्रदेश के अन्नदाता के हित में प्रदेश के पटवारी इस अभियान को भी सफल बनायेंगे। साथ में अभियान में आने वाली समस्यायें एवं हमारी समस्यायें भी सुन ली जायेए जिससे पटवारियों को प्रशासनिक अमले के द्वारा प्रताडित नहीं किया जाये।

ज्ञापन देने वालों में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कुंजबिहारी दुबे मप्र पटवारी संघ जिला दमोह, सूरज पाठक, मनोज पटैरिया, नीरज चौरसिया, प्रशांत तिवारी, अमित उपाध्याय, सर्वेन्द्र असाटी, ज्योति साहू, अंकित अवस्थी, पारस जैन, दीपेश मिश्रा, प्रतीक दुबे, धीरेन्द्र अहिरवाल, गनेश तिवारी, नीलेश गर्ग, विक्रम सोनी और बड़ी संख्या में पटवारी संघ के लोगों की उपस्थिति रही।



#### पटवारियों की मांगे

1. पटवारियों की पदोन्नति राजस्व निरीक्षक के पद पर अबिलम्ब की जाए, साथ ही मान. मुख्यमंत्री महो. की घोषणानुसार नवोदित पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन दिया जाय। 2. प्रदेश के पटवारियों को हडताल अवधि का वेतनए गत 25 महीनों का वेतन भत्तों के एरियर सहित और नवोदित 2 प्रशिक्षु पटवारियों का संपूर्ण वेतन और स्वामित्व योजना का मानदेय तत्काल दिलाया जाय। 3. सर्व सुविधायुक्त मोबाईल दिलाया जाय, जिससे सभी पटवारी सुविधाजनक तरीके से किसान के कार्य कर सके। 4. सीपीसीटी उत्तीर्ण सभी पटवारियों को परिवीक्षा अवधि से मुक्त कर उनके इंक्रीमेंट लगाये जाय। 5. विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित कर जिला स्तर की समस्यायें निराकृत की जायें। 6. बार-बार माननीय के द्वारा मुख्यालय में रहने और निष्पक्ष कार्य करने की बात कही जाती है। जबकि 95 प्रतिशत पटवारियों को आवास भते के नाम पर 219 से 429 रुपये मिलते हैं, जिससे कहीं किराये का भी मकान नहीं मिलता और किसी के घर में रहने पर निष्पक्ष नही माना जाता। 7. जिला भोपाल में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ई डायरी प्रारंभ की गयी है. जो पूर्णत अव्यवहारिक एवं पटवारियों के कार्य की दशा के विपरीत है।

#### राजस्व महाअभियान में आने वाली समस्यायें

1. दिनांक 15 जून से 15 अक्टूबर का समय बर्षा का होता है, जिसमें अतिवृष्टि बाः जनभराव, भूस्खलन, प्रदूषित पानी से डायरिया जैसी बीमारी का खतरा बना रहता है जिसकी रिपोर्टिंग इकाई पटवारी ही है। साथ ही कई जिलों में बाढ़ कन्ट्रोल रूम में प्रत्येक दिन 24 घंटे में 6 घण्टे में सभी पटवारियों की ड्यूटी परीक्षाओं में पटवारियों की ड्यूटी, सीबीआई जाँच में पटवारियों की ड्यूटी. एन ए आई में पटवारियों की ड्यूटी लगायी हुई है। यह कि इन ड्यूटियों से पटवारियों को मुक्त कराया जाय अथवा इन ड्यूटी के साथ-साथ राजस्व अभियान करने पर ड्यूटीरत पटवारियों को लक्ष्य प्राप्ति के अभाव में प्रताडित नहीं किया जाये। 2. अभियान के दौरान सारे कार्य ऑनलाईन होते हैं तो बेव जीआईएस और सारा एप के सर्वर की व्यवस्था कार्यालयीन समय में ठीक करायी जाय, क्योंकि गत अभियान में पटवारियों द्वारा रात-रात भर जाग कर कार्य किया गया. क्योंकि दिन में सर्वर काम नहीं करता था। 3. नक्शा बटांकन, सीमांकन के कार्यों में बरसात, खेतों की स्थिति और वन सीमा का ध्यान रखते हुए कार्यों को कराया जाय। कई जिलों में बन्दोवस्त नहीं होने से 1923 के नक्शे लागू हैं. वहाँ एक-एक खसरे में 100 से अधिक बटा नम्बर हैं. जिसके कारण बटांक एवं बंटवारों की इत्तलायाबी साफ्टवेयर की तकनीकी खामियों के कारण नहीं हो पाते हैं। कई जिलों में नक्शे ही नहीं है. जहाँ नये सिरे से नक्शे बनाये जा रहे हैं। पटवारियों को नक्शे बनाने का अनुभव नहीं है. फिर भी उनसे यह कार्य कराने से त्रुटि होने की आशंका है, इसलिए इन कार्यों में राजस्व निरीक्षकों को लगाया जाय। इसी प्रकार नगर निगमों की सीमा बढ़ने से कई ग्राम पंचायतें नगर निगम भोपाल में शामिल हो गयी है. जहाँ अत्यधिक जमीनी विवाद हैं. वहाँ बटांकन अभियान रूप में करने से विवाद होने की आशंका है. ऐसे सभी स्थानों में अभियान में बटांकन कार्य नहीं कराया जाय। 4. माननीय के द्वारा पटवारियों को मुख्यालय में रहने के निर्देश हैं. इसलिए अभियान के दौरान तहसीलों में नहीं बुलाया जाय और समीक्षा बैठके कार्यालयीन समय में ऑनलाईन करायी जाय। 5. माननीय प्रधानमंत्री महोदय के द्वारा निर्धारित कार्यकाल प्रातः 10.00 बजे से 6.00 बजे तक है और इसी अवधि में पटवारियों से भी कार्य कराया जाय। शनिवार व रविवार अवकाश के दिनों में समीक्षा बैठक अथवा अन्य कार्य नहीं लिये जाय। यह स्मरण दिलाना भी आवश्यक है कि वर्तमान समय में पटवारियों में एक तिहाई संख्या महिला पटवारियों की है और कहीं भी मुख्यालयों में पटवारियों के आवास की व्यवस्था नहीं है। इसलिए कार्यालयीन समय के अतिरिक्त मुख्यालय की अनिवार्यतः समाप्त की जाय।

## 21 और 22 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव का होगा आयोजन

**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में 21 और 22 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें शहर के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों, प्राचार्यों एवं कुलपतियों आदि को आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत शहर के सभी गणमान्य नागरिकों एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापकों से संपर्क कर 21 व 22 जुलाई को उनका सम्मान तथा महाविद्यालय में अध्यापनरत प्राध्यापकों का सम्मान विद्यार्थियों के द्वारा किया जायेगा। साथ ही विभिन्न विषयों पर-विशेषकर गुरु शिष्य परंपरा एवं नई शिक्षा नीति में नवाचार आदि विषयों पर गुरुजनों के व्याख्यानों का भी आयोजन किया जायेगा। महाविद्यालय प्रशासन ने शहर के गणमान्य नागरिकों, आमजनता तथा विद्यार्थियों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

# पौधरोपण करें और विकसित होने तक उन्हें सुरक्षित रखें - जयंत मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी दमयंती नगर मंडल की कार्यसमिति बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, विशिष्ट अतिथि दमोह विधायक पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया, मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी मंचासीन रहें। जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की दृष्टि से पहले केंद्रीय कार्यसमिति, प्रदेश कार्यसमिति फिर जिला कार्यसमिति की बैठकों का आयोजन होता है, प्रत्येक मंडल की कार्यसमिति बैठकों का आयोजन किया जाता है, शक्ति केंद्रों की बैठक की जगह प्रत्येक शक्ति केंद्रों में सम्मलेन का आयोजन किया जाना है, जिससे हमारे बूथ समिति सदस्यों और प्रत्येक कार्यकर्ता को आमंत्रित करना है, और उनका सम्मान करना हैं कार्यकर्ताओ ने अथक परिश्रम से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर खड़ा किया है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिलीं अभूतपूर्व जीत के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि इस बार जिस तरह की गर्मी हुई है इससे पहले कभी नहीं हुई हमने जंगल काट दिये, उत्सर्जन और बढ़ती आबादी इस तरह के मौसम के लिए एक कारण है। हमारी दुनिया एक ही है यदि इंसान इस दुनिया में ही रहेगा तो कहा जायेगा। हमारे पास विकल्प नहीं है, हमने और हमारे पूर्वजों ने जो गलतियां की हमें उन्हें सुधारना होगा, पौधारोपण करें, वृक्ष लगाये, और उन्हें विकसित होने तक उन्हें संरक्षित और सुरक्षित करें।




पुराने समय को याद करते हुए जयंत मलैया ने कहा कि आज मंडल की बैठकों में जितने लोग आते हैं शुरुआत में हमारी बड़ी बैठक इतने संख्या में लोग आते थे। जनता से जुड़ना इस बात पर निर्भर करता है हम कितनी जबावदारी से जनता की समस्याओं को हल कर रहे हैं। मंडल प्रभारी अमित बजाज ने आगामी सहयोग निधि अभियान की जानकारी देते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को सहयोग निधि अभियान में जोड़ने की बात कही। पवन तिवारी ने बैठक की प्रस्ताव रखते हुए प्रदेश कार्यसमिति में पारित प्रस्तावों से अवगत कराया और शक्ति केंद्रों और बूथ समिति सदस्यों के आगामी सम्मलेन के लिए कार्ययोजना विस्तार से बताया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री श्याम विश्वकर्मा ने किया। आभार रमाकांत बाजपेई ने माना। बैठक में उपाध्यक्ष श्याम दुबे, रमाकांत वाजपेई, श्रीमती विजयलक्ष्मी चौबे, अर्चना जैन, सीमा जैन, कुसुम खरे, नगर मंत्री अनिल सैनी, विनोद अवलानी, स्वपनिल प्यासी,विक्रम सिंह राजपूत , बाबू सोनी, मुकेश खरे, बम बम सोनी, आकाश जाट एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजस्व महाअभियान को लेकर बटियागढ़ एवं हटा में हुई बैठक

**दमोह ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने 18 जुलाई से 30 अगस्त तक 45 दिन का राजस्व महाअभियान चरण 2 लांच किया है, राजस्व से संबंधित जितनी भी शिकायतें, समस्याएं हंक और जितने लंबित प्रकरण है, उनका समय सीमाओं में अगले 45 दिन के अंदर निराकरण किया जाये। यह हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का अभियान है। इसमे चाहे स्वामित्व, पीएम किसान, नक्शा तरमीन, खसरे आधार और समग्र की लिंकिंग, ई-केवाईसी, अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा इन सभी तरह के प्रकरणों का निराकरण किया जाये। अभियान के तहत कल पथरिया, आज हटा और बटियागढ़ में समीक्षा कर रहे हैं। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज जिले के बटियागढ़ ब्लाक के जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित राजस्व महाअभियान चरण 2 के तहत आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कही। इसके पूर्व कलेक्टर श्री कोचर ने हटा में राजस्व महाअभियान चरण 2 के तहत राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बैठक के दौरान कहा यह उनके लिए सबसे ज्यादा प्राथमिकता का अभियान है, यह मौका है हमारे लिए कि हम बहुत बेहतर तरीके से काम करके दिखाएं और हमको इसमें पहले दिन से सक्रिय होना चाहिये। अभियान का मुख्य उद्देश्य यही है कि पहले दिन से हम इस काम में लग जाए और एक टीम की तरह इसमें काम करें, यहां पर हमारे महकमे का टीम वर्क दिखना चाहिए कि हम दूसरो का काम भी बहुत अच्छा कर सकते हैं। लेकिन कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है, तीन-चार दिन के बाद से निरीक्षण शुरू होंगे। किसानों को अवगत करायें, लोकसेवा केंद्र और क्योस्क में जाकर के अपना पंजीकरण वगैरह करायें, क्योंकि सेंटर को भी काफी इंसेंटिव दिए गए हैं, 18 रुपए प्रति पंजीकरण उसका इंसेंटिव है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा पूरी टीम के साथ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी इन सभी के साथ बैठक की गई हैं, छोटी-छोटी चीजों पर चर्चा कर रहे हैं ताकि कोई भी इसमें कमी ना रहे और जो अभियान के कंपोनेंट है जिसमें स्वामित्व योजना, पीएम किसान, अविवादित नामांतरण और बटवारा, ई-केवाईसी, नक्शों में तरमीम, अभिलेख दुरूस्ती, रिकॉर्ड्स सुधार, सीएम हेल्पलाइन और डिजिटल क्रॉप सर्वे आदि सारी चीजों के ऊपर अगले 45 दिन हम एक टीम के रूप में काम करेंगे और जनता के जितने लंबित प्रकरण है, लंबित समस्याएं है जो 30 जून 2024 की स्थिति में है, उनका निराकरण किया जायेगा। यह सर्वोच्च प्राथमिकता और सबसे बड़ा फोकस का कार्यक्रम है। अभी हमारा तहसीलों का निरीक्षण शुरू होगा, उसमें सबसे पहले एस.डी.एम., फिर ए.डी.एम. फिर कलेक्टर, फिर कमिश्नर, फिर अपर आयुक्त और फिर आयुक्त सभी के निरीक्षण लगातार संभावित होंगे, जिनकी तिथियां वगैरह भी फाइनल हो गई है। एक-एक तहसील का निरीक्षण कलेक्टर और एसडीएम के द्वारा किया जाएगा। शत-प्रतिशत तहसीलों का निरीक्षण किया जाएगा, ताकि एक भी प्रकरण ऐसा ना हो जो चिन्हित प्रकरणों की श्रेणियां में लंबित पड़ा हो। सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निपटारा हो सकें, आज इसी के सिलसिले में हमारी यह पूरी बैठक थी। कलेक्टर श्री कोचर ने राजस्व अधिकारियों से चर्चा करते हुये कहा अभियान में कहीं कोई समस्या हो तो अवगत करायें। इस अवसर पर हटा एसडीएम राकेश मसराम, बटियागढ़ एसडीएम निकेत चौरसिया सहित तहसीलदार, नायब तहसील और पटवारीगण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नदी, तालाब आदि मगरमच्छ वाले स्थानों पर ना जायें

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आमजन से कहा है, मगरमच्छ के संबंध में लगातार सूचनायें मिल रहीं है, वन विभाग द्वारा लगातार सर्चिंग की कार्यवाही की जा रही है। सभी जगह नदियों पर बोर्ड लगाए हैं कि लोग संबंधित स्थान पर नहाने के लिए या अन्य प्रयोजनों से ना आए, जहां पर पीने के पानी की दिक्कत के कारण लोगों को वहां आना पड़ रहा है, वहां पर पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था कराई जा रही हैं, ताकि लोगों को पीने का पानी लेने के लिए नदी में ना जाना पड़े।

### दिनेश रजक अमेरिका में प्रस्तुत करेंगे अपना शोध पत्र

**दमोह।** जिले के ग्राम मुड़ा पटेरा निवासी दिनेश रजक के लिए ग्रामीण समाजशास्त्रीय समाज के 86वें वार्षिक सम्मेलन में नवउदारवादी भारत के बुंदेलखंड में विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच व्यावसायिक विविधीकरण के पैटर्न पर शोध पत्र प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ है जिसमे शामिल होने **Madison-wisconsin, USA** अमेरिका जा रहे हैं सम्मेलन में ग्रामीणता की पुनः संकल्पनाः अधिक विविध और समावेशी समझ की ओर।विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत कर अपने गांव जिले को गौरान्वित करेंगे।वर्तमान में दिनेश देश के प्रतिष्ठित संस्थान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में समाजशास्त्र विभाग में पीएचडी शोधकर्ता हैं। उनका पेपर मूलतः मध्य प्रदेश के ग्रामीण बुंदेलखंड क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक समूहों की बदलती व्यावसायिक संरचना के बारे में बात करता है जिसमें वे विभिन्न सामाजिक समूहों और वर्गों के बीच सामाजिक और आर्थिक गतिशीलता के पैटर्न को समझने की कोशिश कर रहे हैं। दिनेश ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई सागर विश्वविद्यालय से की है और उन्होंने जेएनयू से एमफी की है।

### पानी पाउच निर्माण यूनिट को किया सील

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया द्वारा निरीक्षण की कार्यवाही में ग्राम इटवा खुर्द सागर-जबलपुर बाईपास रोड स्थित आर्यन बेवरेजेस प्रो. अखिलेश पटेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट में एक्सपायर्ड बी आई एस (आई एस आई) लाइसेंस के पानी पाउच की पैकिंग, निर्माण, भंडारण एवं विक्रय होते पाया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के विभिन्न प्रावधानों के तहत एक्सपायर्ड बी आई एस लाइसेंस के द्वारा पानी पाउच जोकि पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की श्रेणी में आता है एवं उक्त पानी पाउच के निर्माण, पैकिंग एवं विक्रय करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो का सक्रिय लाइसेंस होना जरूरी है। एक्सपायर्ड बी आई एस लाइसेंस द्वारा पानी पाउच का निर्माण बिना बी आई एस लाइसेंस के पानी पाउच निर्माण करने की कैटेगरी में आता है। मौके पर 142 बोरी पानी पाउच प्रत्येक बोरी में 42 पानी पाउच कुल 5,964 सेहत ब्रांड पानी पाउच / पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर मूल्य 11,928 रुपए को जब्त किया गया एवं पानी पाउच निर्माण यूनिट को सील किया गया है।

बारिश के पूर्व नहीं हुई जर्जर शालाओं की मरम्मत, 10 साल से लुहर्रा मिडिल शाला के कमरों से बरसात की एक बूंद बाहर नही गिरी

# जान जोखिम में डालकर बच्चे ले रहे शिक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

दमोह जिले में शिक्षा के मंदिरों की हालात बेहद नाजुक है । अनेक ग्रामों के शासकीय स्कूलों मे अध्यापन कराने वाले शिक्षक जान जोखिम में डालकर भारत के भविष्य को सजाने संवारने में लगे हुये हैं । इन शिक्षा केन्द्रों के रख-रखाव, मरम्मत, नव निर्माण, स्वीकृति इत्यादि का जिम्मेदार शिक्षा विभाग दमोह एवं सभी सम्बंधित विभाग बिलकुल जान बूझकर लापरवाही बरतकर बच्चों को मानव निर्मित आपदा के हवाले कर किसी बडे. से बडी. अनहोनी घटना- दुर्घटना होने के इंतजार में है।

वर्तमान में हम ग्राम पंचायत लुहर्रा मे वर्षों से संचालित शासकीय माध्यमिक शाला की बात कर रहे हैं । जहां पर मिडिल शाला के बच्चों को बैठने के लिए तीन भवन, एक प्रधानाध्यापक कक्ष एवं एक हाल बना हुआ है। किंतु 10 वर्ष से इस शाला का एक भी कमरा बरसात के दिनों मे अध्यापन, शैक्षणिक गतिविधि के लायक नही है। अर्थात बरसात की एक भी बूंद शाला के भवनों से बाहर नही गिर रही है। सभी कमरों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। जगह जगह से भवनों की छाप उखड़ चुकी है। किसी भी समय भवनों की छज्जा से जीर्ण-शीर्ण छाप टपक रही है। बच्चे बाल बाल बच रहे है! दीवारें बरसाती पानी पीकर वर्तमान मे खूब अपनी प्यास बुझा रहीं हैं। बरसात होने पर शिक्षकों व्दारा बच्चों की छुटटी करना पड़ रही है। शाला की प्रधानाध्यापक सलमा काज़ी ने बताया कि शाला के भवनों की बदहाल अवस्था के संबंध में हम अपने स्तर से वरिष्ठ कार्यालय , बीआरसी दमोह को मौखिक एवं लिखित रूप से अनेकों बार अवगत करा चुके हैं। फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। सलमा काज़ी ने कहा कि वास्तव मे बरसात के दिनों मे हमे शाला के दस्तावेज एवं कागजात भी बचाकर रखना मुश्किल हो रहा है। (शाला मे ना 03 वर्ष से बिजली है और ना ही कोई भृत्य पदस्थ है)


जानलेवा सूखा पेड़- लुहर्रा

इस संबंध में शाला प्रभारी सलमा कई ने बताया कि स्कूल की बिजली पिछले 3 वर्ष से कटी हुई है । बिजली के अभाव मे शाला मे बच्चों की पेयजल सप्लाई भी शाला समर शियल से बंद है। बिजली की बहाली के संबंध में कई बार उप बिजली वितरण केन्द्र हिण्डोरिया मे आवेदन दिया गया। लेकिन आज भी बिजली सप्लाई शुरु नहीं हो सकी है।वर्तमान गर्मी एवं बरसात के मौसम में संपूर्ण शालेय परिवार को बिजली के अभाव में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे गर्मी मे चक्कर खाकर गिर रहे हैं। शाला मे भृत्य के पदस्थ ना होने के चलते शाला सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था सम्बंधी अनेक दिक्कतों से शाला को जूझना पड़ रहा है।

(शाला परिसर मे लगा सूखा पेड़ मौत को दावत दे रहा )

उक्त मिडिल स्कूल के परिसर में लगा हुआ वर्षों पुराना आम का एक पेड़ पूरी तरह से सूख गया है। ये आम का पेड़ कई महीनो से सूखने के बाद भी परिसर मे शाला भवन के एकदम निकट जर्जर हालत मे खडा.हुआ है। जिसकी छोटी बड़ी डालियाँ अचानक कई बार टूट कर गिर चुकीं है। अर्थात उक्त सूखा वृक्ष रोज मौत को दावत दे रहा है। शाला प्रभारी सलमा काज़ी ने बताया की इसे काटने हेतु सरपंच को पंचायत में आवेदन दिया जा चुका है। इस संबंध में पूछने पर लुहर्रा सरपंच महेश उपाध्याय ने बताया कि मैंने इस पेड़ को काटने के संबंध में एक व्यक्ति को अग्रिम भुगतान भी कर दिया है । शीघ्र ये सूखा पेड़ काट दिया जाएगा।

## माध्यमिक शाला कुलुआ कलाम जर्जर कमरे की छत का प्लास्टर छात्रा के ऊपर गिरा, बड़ी अनहोनी टली

### खतरे में स्कूल के छात्र, जर्जर भवन से कैसे मजबूत होगी शिक्षा,

**हटा।** प्रवेश उत्सव मनाकर नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हो चुकी है, बच्चों को स्कूलों में सुविधा व पढ़ाई का स्तर सुधारने की बड़ी-बड़ी बातें और उनके विकास की चर्चाएं जनप्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभव छात्र-छात्राओं के साथ साझा कर रोज स्कूल आकर पढ़ाई करने की समझाइश भी दी थी लेकिन इसके



उपरांत सरकारी स्कूल भवनों के हालात बुरे व जर्जर है, कहीं पर शाला भवन ही नहीं है तो कहीं शाला भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है। ऐसे हटा विकासखंड में आधा सैकड़ा से अधिक स्कूल है जहां बच्चों को बैठना किसी खतरे से कम नहीं है, किसी स्कूल की छत का मालवा नीचे गिर रहा है तो कहीं दीवारों में दरार आ रही है तो कहीं छत से लगातार पानी टपक रहा है। बरसात के दिनों में स्कूलों की स्थिति सरकार की पोल खोल रही है। ऐसे ही एक घटना तीन दिनों पूर्व विकासखंड के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला कुलुवा कलां मैं घटित हुई जहां बरसों पुराने जर्जर कमरे की छत का प्लास्टर टूटकर एक छात्रा के ऊपर गिरा लेकिन गनीमत रही कि प्लास्टर छात्रा के बैग एवं हाथ पर गिरा जिससे उसके हाथ में मामूली चोट आई और बड़ी घटना होते-होते टल गई। शाला की प्रधानाध्यापक फूलचंद ने बताया कि स्कूल में कुल तीन कमरे ही है जिनमें तीनों की हालत जर्जर है सभी कक्षों में छत का प्लास्टर गिरता है विगत मंगलवार को कक्षा संचालन के दौरान एक छात्रा के ऊपर अचानक छत का प्लास्टर गिर गया जिसकी सूचना हटा में बीआरसी को दी गई थी जहां बीआरसी बीएसी जनशिक्षक द्वारा निरीक्षण कर तीनों कक्षाएं भवन के अतिरिक्त कक्ष में संचालित करने निर्देशित किया गया है जहां दो दिन से एक ही कमरे में तीनों कक्षाएं संचालित की जा रही है जहां कक्षा छठवीं से आठवीं तक के 42 बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ाई करने मजबूर हैं, शाला में तीन शिक्षक पदस्थ है और जब एक ही कक्ष में सभी बच्चों को एक साथ बैठाया जा रहा है तो ऐसे में पढ़ाई कैसे होगी। प्रधानाध्यापक बताया कि जिस अतिरिक्त कक्ष में तीनों कक्षाएं संचालित हो रही है उसकी हालत भी काफी जर्जर है वहां भी हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है, इससे अब बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। प्रधान अध्यापक ने बताया कि दिखा दो-तीन वर्षों से स्कूल भवन क्षतिग्रस्त है जिसकी सूचना भी कई बार लिखित में वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है लेकिन व्यवहार द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं किया गया जिससे अब यह स्थिति निर्मित हो रही है। पालको ने तत्काल पुराने भवन को तोड़कर नया बनाने की मांग की है। इस संबंध में बीआरसी एम एल अहिरवार ने बताया कि स्कूल के कक्ष जर्जर स्कूल होने की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है शीघ्र ही स्कूल में सुधार कार्य कराया जाएगा जिससे बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रहे।

# कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बस स्टैंड का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज बस स्टैंड का निरीक्षण किया। बस स्टैंड पर जर्जर हो चुकी इमारतों को पी.डब्लू.डी. से आवश्यक कार्यवाही कराकर डिस्मेंटल करने के निर्देश दिये। उन्होंने बस स्टेण्ड पर गंदगी देखकर नाराजी जताई और साफ सफाई को लेकर नगर पालिका को दिये निर्देश। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जहां-जहां बस स्टेण्ड के आसपास, नजदीक में अतिक्रमण है, हटाने के लिये नोटिस जारी किये जायें। इस दौरान बस एसोसियेशन के पदाधिकारियों, बस आपरेटरों को अनावश्यक रूप से खड़ी बसों को निर्धारित समय-सीमा हटाने निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान एसडीएम एलआर बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी, तहसीलदार मोहित जैन, टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित के अलावा राजस्व, नगर पालिका, यातायात सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण, बस संचालक, आमजन मौजूद थे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज बस स्टैंड का निरीक्षण किया है। प्राइवेट बस स्टैंड और सरकारी बस स्टैंड दोनों का पूरा मुआयना किया है, यहां पर सफाई, अतिक्रमण, क्षतिग्रस्त भवनों और टॉयलेट को लेकर के कई सारी दिक्कतें हैं, जो कि यहां देख करके महसूस हुई है। हम सोमवार को ही बस स्टैंड निगरानी समिति की बैठक बुला रहे हैं और उस बैठक में आज जो भी हमने देखा है, उसके अनुसार जो भी कार्रवाई आगे की जानी है, उसके निर्णय ले लिए जाएंगे, अगले सप्ताह हम निर्णय ले लेंगे और उसका क्रियान्वयन तुरंत शुरू करेंगे, फिलहाल यही हमारी स्ट्रेटजी है क्योंकि नया बस स्टैंड बन रहा है, वह जब तक बनता है ,तब तक यहां पर लोगों को असुविधाएं न हो और अस्थाई रूप से जितनी बेहतर व्यवस्थाएं दे सकें, देने का प्रयास किया जायेगा।

## दो बाईकों में आमने सामने से टक्कर एक की मौत, तीन गंभीर

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को नगर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम बम्होरी दमोह मार्ग पर पुलिया के पास रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे दो मोटर साईकिल की आमने सामने टक्कर हो गए। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप घायल हो गए। वही एक युवक की अस्तपाल लाते समय मौत हो गई। अस्पताल से प्राप्त जानकारी अनुसार खामखेडा निवासी हल्के भाई पिता रतिराम ठाकुर 25, संदीप पिता



दल सिंह 20, परम पिता बारेलाल यादव 24 तीनो युवक एक बाईक में सावर होकर तेदूखेड़ा से खामखेड़ा जा रहे थे। रास्ते में बम्होरी के पुलिया के पास सामने से आ रहे मोटरसाईकिल सवार विसन पिता अर्जुन लोधी 32 निवासी ससनाकला से टक्कर हो गए। वही विसन के साथ मे बैठा एक व्यक्ति घटना होने के बाद सभी को छोडकर भाग गया था। टक्कर में दोनो मोटरसाईकिल में सवार चार लोग घायल हो गए जिन्हे 108 वाहन में पायलट मनोज प्रजापति, ड़ाक्टर संदीप सिंह लोधी की मदद से नगर के स्वास्थ केन्द्र लाया गया जहा ड़ाक्टर ने खामखेड़ा निवासी परम यादव को मृत घोषित कर दिया गया। वही तीनो घायलों को प्राथमिक उपचार कर जबलपुर मेड़किल कॉलेज रिफर कर दिया गया। तेंदूखेड़ा पुलिस अस्पताल की सूचना में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## विधायक ने किया वृक्षारोपण



**दमोह।** शहर में हिरदेपुर स्थित आचार्य विद्यासागर जैन इंटरनेशनल स्कूल में दमोह जिले के विधायक जयंत कुमार मलैया द्वारा स्कूली छात्रों के साथ मिलकर शाला प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य किया गया एवं छात्रों को वृक्षारोपण के महत्त्व के बारे में बताया और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अहवान पर एक पेड़ मां के नाम इसके प्रति छात्रों के क्या विचार है, ये जानागया ,एवं विद्यार्थियों को अपने घर एवं आस- पड़ोस में वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष चौधरी रूपचंद जैन, सह - सचिव अजित मोदी, कोषाध्यक्ष सोनू जैन अन्य समिति सदस्य एवं शाला प्राचार्य नितिन वर्मा एवं प्रभारी अमित जैन मौजूद रहे।

## पिता ने लगाए दामाद और प्रेमिका पर हत्या के आरोप

**हटा।** विगत 6 जुलाई को थाना क्षेत्र हटा अंतर्गत ग्राम कुआखेड़ा बाजी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जानें के बाद मृतिका के पिता द्वारा अपनें परिजनों के साथ हटा थाना पहुंचकर बयान दर्ज कराए गये थे जिसमें मृतिका के पति राकेश पटेल एवं उसकी प्रेमिका पर हत्या के संगीन आरोप लगाए गये थे जहां पुलिस द्वारा परिजनों के बयानों पर मृतिका के पति की प्रेमिका पर मामला न दर्ज किए जानें के विरोध में मृतिका के पिता गोवन्दी पटेल निवासी मुहरई द्वारा परिजनों साथ पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती आवेदन दिया गया जिसमें शिकायतकर्ता पिता द्वारा उल्लेख किया गया कि मेरी पुत्री अनीता का विवाह 16 बर्ष पूर्व कुआखेड़ा में राकेश पटैल के साथ किया था जहां शुरूआत से ही उसके साथ पति द्वारा मारपीट की जा रही थी जिसके परिणाम स्वरूप अनीता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जानें की खबर मिलते ही मृतिका के पिता व परिजन कुआखेड़ा पहुंचे तब वहां पति की प्रेमिका उसके घर में उपस्थित थी।आवेदक पिता द्वारा दामाद राकेश व उसकी प्रेमिका पर मामला दर्ज करनें की मांग की गई।

# वन राज्यमंत्री ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपर

एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने दमोह जिला रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सिंग्रामपुर रेंज पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों वन समिति के अध्यक्ष सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस मानसून के दौरान ज्यादा से ज्यादा पोधरोपन करें और आमजनो को भी प्रेरित करें कि अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव-खेत-खलिहानों और शहरों को खूब हरा-भरा करने के लिए पौधारोपण जरूर करें। इस दौरान वन संरक्षण कूपों उपचार कार्यशाला में भी शामिल हुए वन पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार की अगवानी। डीएफओ महेंद्र सिंह उईके ने की ओर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए वन स्टाफ के द्वारा मंत्री जी का उनका स्वागत किया। आयोजित कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने वन एवं पर्यावरण मंत्री को अपना परिचय दिया। वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के आवाहन पर राज्य भर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसको सफल बनाने के लिए प्रदेश भर में 8 लाख से अधिक पौधारोपण किया जा रहा है जिसके तहत आज सिंग्रामपुर मैं एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया। सिंग्रामपुर कार्यक्रम के पश्चात भैंसा घाट रेस्ट हाउस भी मंत्री जी पहुंचे कार्यक्रम में डीएफओ महेंद्र सिंह उईके उपवन मंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा प्रतीक दुबे उपवन मंडल अधिकारी आरसी चोबे दमोह सिंग्रामपुर रेंजर आश्रय उपाध्याय, सेंचुरी रेंजर आजाद कुरेशी, तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे सहित सभी रेंज अधिकारी वन स्टाफ वन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पुलिस स्टाफ से सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढ़े की मौजूदगी रही।

बस्ती के समीप तालाब में आया था मगरमच्छ

# दूसरे दिन मुड़ारी में मगरमच्छ का रेस्क्यू मुर्गे को चारा बनाकर पिंजरे में फंसाया

### दो दिन से आंख मिचौली खेल रहा मगरमच्छ पिंजरे में हुआ कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जंप जबेरा की ग्राम पंचायत मुड़ारी बस्ती के समीप छोटे तालाब में बीते दो तीन दिन आंख मिचौली खेल रहे मगरमच्छ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में आज देर शाम कैद करने में सफल रहा। वन विभाग ने उसे पिंजरे में फंसाने के लिए चारे के तौर पर मुर्गा मांस कर रखा था। लेकिन दोपहर 12बजे से तालाब में रखे पिंजरे रखे मांस के टुकड़े खाकर मगरमच्छ पिंजरे से बाहर निकल जाता था क्योंकि पिंजरे में लगा ऑटोमेटिक लॉक का गेट मगरमच्छ के अंदर जाने के बाद भी नही लगता। मगरमच्छ पिंजरे के अंदर जाकर मांस खाकर





बाहर निकल जाता था। ऐसा मगरमच्छ ने दो बार किया लेकिन जब मगरमच्छ पिंजरे में कैद नहीं हुआ तो डिप्टी रेंजर नेक नारायण खरे मैं पिंजरे के गेट पर एक रस्सी बांधकर तालाब से बहुत दूर गुप्त जगह में बैठ गए । जैसे ही मगरमच्छ मुर्गा के मांस के टुकड़े खाने के लिए तीसरी बार पिंजरे के अंदर गया और रस्सी खींचकर पिंजरे का गेट बंद कर दिया गया और आखिरकार मगरमच्छ पिंजरे में कैद हो गया। बता दें दो-तीन दिन से बस्ती के समीप छोटे तालाब में एक मगरमच्छ आ गया था जिसने पानी पीने गए एक बकरे पर भी हमला किया था इसके बाद लोगों में मगरमच्छ की दहशत बनी हुई थी। और इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई थी इसके बाद मगरमच्छ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम के द्वारा रेस्क्यू अभियान के चलते तालाब के पास पिंजरा रखा गया था और 6 घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद आखिरकार मगरमच्छ पिंजरे में कैद हो गया डिप्टी रेंजर नेक नारायण खरे ने बताया तेजगढ़ रेंज के अंतर्गत मुड़ारी ग्राम के समीप एक छोटा तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना पर मगरमच्छ को पकड़ने के लिए आज 12:00 बजे दोपहर में तालाब में पिंजरा रखा गया था लेकिन पिंजरे का ऑटोमेटिक गेट खराब होने की वजह से मगरमच्छ चारे के तौर पर पिंजरे में रखा मुर्गा का मांस का टुकड़ा खाकर दो बार बाहर निकल गया था जिसके बाद पिंजरे की गेट मैं रस्सी बांधकर पुनः पिंजरे के अंदर मुर्गा की मांस के टुकड़े रखे गए और जैसे ही तीसरी बार मगरमच्छ पिंजरा के अंदर घुसा तो गेट में बंधी रस्सी खींच दी गई और मगरमच्छ पिंजरे में कैद हो गया। मुड़ारी बस्ती के समीप तालाब से पकड़ा गया मगरमच्छ को रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सिगोरगढ़ तालाब में छोड़ने के लिए टीम रवाना हो गई है।